नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 305/2021
Dt-28-8-2021

असैनिक शल्य चिकित्सक,
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः—**लखनौर प्रखंड के अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तमुरिया में कोविड—19 टीकाकरण का स्थायी केन्द्र स्थापित करने के संबंध में।**

कोविड—19 जैसी वैश्विक आपदा से निपटने में आप सबों जैसे देश के कोरोना योद्धा (स्वास्थ्यकर्मियों) के परिश्रम एवं लगन का प्रतिफल है कि कल दिनांक 27.8.2021 को देश में एक दिन में कोविड—19 टीकाकरण की संख्या 1 करोड़ से भी पार कर गई।

लखनौर प्रखंड के अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तमुरिया के निकटवर्ती कोविड—19 टीकाकरण केन्द्रों की अधिक दूरी होने के कारण आमजनों को खासकर महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही सरकार द्वारा कोविड—19 टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा करने में कठिनाई हो सकती है।

मेरा सुझाव है कि लखनौर स्थित धरावती उच्च विद्यालय में स्थायी कोविड—19 टीकाकरण केन्द्र स्थापित होने के साथ यदि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तमुरिया में भी कोविड—19 टीकाकरण का स्थायी केन्द्र की स्थापना की जाए, तो लखनौर प्रखंड में शत् प्रतिशत कोविड—19 टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण हो सकता है।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)
28.8.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranit www.jhanjharpur.co.in